अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज दिनांक 20 अक्टूबर 2018 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के सचिव श्री विजय सिंगला, विशिष्ट अतिथि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एन एस एस कार्यक्रम संयोजक श्री रणवीर सिंह गुलिया, महाविद्यालय के खेलकूद संयोजक डॉ के एल कौशिक जी व शारीरिक शिक्षक डॉ जगबीर सिंह व श्री नंदकिशोर जी उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता 20 अक्टूबर 2018 से 22 अक्टूबर 2018 तक चलेगी इस प्रतियोगिता में इंडियन कंपाउंड मेरे ग्राउंड की प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जाएगा विशिष्ट अतिथि श्री रणवीर सिंह गुलिया जी ने खेल को स्वस्थ रहने का आधार बताया और स्वस्थ व्यक्ति ही सुखी रह सकता है गुलिया जी ने खेल में भागीदारी को जीतने से अधिक महत्वपूर्ण बताया व महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की सलाह दी कि हारने वाले को निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि विफलता वास्तव में सीखने का प्रथम प्रयास होता है। जो जीते हैं वह बहुत अधिक प्रसन्न ना हो क्योंकि यह सफलता बड़ी सफलता की तरफ एक कदम है। इंडियन राउंड में पुरुष वर्ग में डीएवी कॉलेज फरीदाबाद के करण कांबोज ने 589 अंकों के साथ प्रथम, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गूजरान के अमनदीप सिंह अत्री 584 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा राजकीय महाविद्यालय नारनौल के लोकेश कुमार ने 583 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ की शिखा ने 592 अंकों के साथ प्रथम, के एल मेहता दयानंद महाविद्यालय की रूबी ने 467 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा के एल मेहता दयानंद महाविद्यालय की ही मेघा ने 254 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।